सत्यमेव जयते
असम सरकार

असम के माननीय राज्यपाल
श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य
जी का अभिभाषण

15वीं असम विधानसभा
बजट सत्र, 2025 का
पहला दिन

17 फरवरी, 2025

स्थान

बीटीसी विधानसभा, कोकराझार

असम विधान सभा के माननीय अध्यक्ष महोदय,
माननीय मुख्यमंत्री, असम,
मंत्रिपरिषद के माननीय सदस्यगण,
असम विधान सभा के माननीय सदस्यगण,

तथा इस गौरवशाली सदन के माननीय सदस्यगण,

मैं असम विधान सभा के बजट सत्र **2025** के अवसर पर आपके समक्ष बहुत ही विनम्रता के साथ उपस्थित हुआ हूँ। मैं आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ। यह सत्र हमारी यात्रा पर चिंतन-मंथन करने, चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और हमारे इस प्रिय राज्य असम के भविष्य के लिए एक दूरदर्शी रोडमैप तैयार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

"सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम् |
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते ||"

"Saṁ gacchadhvaṁ saṁ vadadhvaṁ saṁ vo
manāṁs ijānatām |
Devā bhāgaṁ yathā pūrve saṁjānānā upāsate ||"

अनुवाद: "एक साथ चलो, एक साथ बोलो, अपने मन को सामंजस्य में रखो, जैसे प्राचीन काल के देवता अपने साझा उद्देश्य में एकजुट थे।"

अथर्ववेद (**7.52.2)** का यह उद्धरण सामूहिक एकता और सहयोग की एक बहुत ही सुंदर अभिव्यक्ति है, जो लोकतंत्र के आदर्शों को पूरी तरह से दर्शाता है- जहाँ शासन का साझा उद्देश्य, सद्भाव और सभी नागरिकों के सामूहिक कल्याण पर आधारित है, जो हमारी सरकार के समान है।

असम के लोगों का अटूट विश्वास और भरोसे के साथ, हमारी इस सरकार को सद्भाव, प्रगति और समृद्धि के युग की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे पक्कार विश्वास है कि इस सत्र के दौरान जो जो चर्चाएं होंगी एवं निर्णय लिए जाएंगे, वे असम को एक जीवंत, समावेशी और दूरदर्शी राज्य में बदलने की नींव को और मजबूत प्रदान करेंगे, जो हमारे नागरिकों की आशा- आकांक्षाओं को पूरा करेगा।

असम हमेशा से अपनी महानता, ज्ञान और बोध एवं साहस की भूमि रही है। हमें पुराण ग्रंथों और प्राचीन शास्त्रों में एवं भारत की इतिहास में असम की प्रचीनता के मजबूत

स्रोत मिलते हैं। कामरूप और प्रागज्योतिषपुर के शक्तिशाली साम्राज्यों ने हमारी सभ्यता को एक आकार दिया, और उसी तरह कोच और अहोम राजवंशों ने हमारी विरासत को समृद्ध किया। माँ कामाख्या के आशीर्वाद से लेकर श्री श्री शंकरदेव और श्री माधव देव के आध्यात्मिक मार्गदर्शन तक, असम शक्ति और सांस्कृतिक प्रतीक रहा है। लाचित बरफुकन की बहादुरी और बुलंदी हमें अपनी भूमि की रक्षा और उत्थान के हमारे कर्तव्य की याद दिलाती है।

आज, हमारी सरकार इन खोए हुए गौरवोज्ज्वल इतिहास को पुनर्जीवित करने और हमारे उस अतीत का भविष्य का निर्माण करने के लिए काम कर रही है जिस अतीत ने हमें सम्मानित किया था। असम अब देश और दुनिया के बाकी हिस्सों से जुड़ रहा है। यह जुड़ाव हमारे लिए गर्व और महनतम उद्देश्य से प्रेरित है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मजबूत बुनियादी ढांचे, बेहतर उद्योगों की स्थापना और नए अवसरों के माध्यम से राज्य के प्रत्येक नागरिक इस विकास में हिस्सा लें। हमारी समृद्ध परंपराएँ हमें प्रेरणा देती हैं, परंतु हमारा दृष्टिकोण

आधुनिक है। हम एक ऐसा राज्य बना रहे हैं जो इतिहास को प्रगति के साथ जोड़े और सभी के लिए सम्मान और समृद्धि सुनिश्चित कर सके।

माननीय सदस्यगण,

इस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए, मैं सरकार की कुछ नई उपलब्धियों और हाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालना चाहूंगा।

असम का जीएसडीपी और आर्थिक विकास

- पिछले एक दशक के दौरान, असम आर्थिक विकास के स्थिर पथ पर रहा है, जिसने **12.6%** की प्रभावशाली चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (**CAGR)** हासिल की है। वित्तीय वर्ष **2022-23** के दौरान कर राजस्व में **25%** की वृद्धि और वित्तीय वर्ष **2023-24** में **15%** की वृद्धि से इस मजबूत फाउंडेशन को और ज्यादा मजबूती मिली है।
- अधिक व्यवस्थित और निरंतर आर्थिक प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए, इस राज्य ने एक अभिनव और अग्रणी पहल शुरू की है- बॉटम अप एप्रोच

(**bottom-up approach**) जैसे दृष्टिकोण का उपयोग करके प्रत्येक जिले के लिए जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) का आकलन। यह प्रयास जिला घरेलू उत्पाद आकलन और असम परियोजना का जिला विजन दस्तावेज के हिस्से के रूप में किया गया। यह प्रयास देश में किसी भी राज्य द्वारा किए गए प्रयास में से अपनी तरह का पहला प्रयास है। इस व्यापक कार्याभ्यास का परिणाम वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक उपलब्ध हो जाएगा।

- राज्य की बढ़ती आय का असम के आर्थिक परिदृश्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके जवाब में, माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के समग्र मार्गदर्शन में निजी कैबिनेट मंत्रियों के नेतृत्व में विभाग न केवल मौजूदा विकास की गति को बनाए रखने के लिए बल्कि इसकी समग्र बढ़ोत्तरी के लिए आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं।
- सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए असम की प्रतिबद्धता को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, राज्य एसडीजी इंडिया इंडेक्स में "फ्रंट रनर" की

स्थिति में आगे बढ़ा है और लक्ष्य-**7 (**स्वच्छ ऊर्जा) में इसने **100%** स्कोर हासिल किया है।

असम: भारत की सेमीकंडक्टर और औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर रहा है

- असम गुजरात के साथ-साथ भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में तेजी से उभर रहा है। जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये की लागत वाला टाटा **ATMP (**असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग) प्लांट मेक इन इंडिया के तहत एक ऐतिहासिक निवेश है, जिसमें टाटा इलैक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया गया है। वर्तमान निर्माण-कार्य जोरों पर है, जिसमें 1,444 कर्मचारी और 91 भारी मशीनें काम में लगी हुई हैं। दिसंबर, 2025 में उत्पादन शुरू होने वाला है, जिसमें शुरुआत में इसकी पूरी क्षमता के एक-चौथाई पर प्रतिदिन 1.2 करोड़ चिप्स का निर्माण किया जाएगा। पूरी तरह चालू होने के बाद, यह सुविधा 12,000 प्रत्यक्ष और 25,000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे असम

तकनीकी और औद्योगिक विकास के एक नए युग में प्रवेश करेगा।

आधुनिक उर्वरक संयंत्र के साथ कृषि को बढ़ावा देना

- सेमीकंडक्टर के अलावा, ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (**BVFCL)** के तहत एक अत्याधुनिक उर्वरक संयंत्र की स्थापना के साथ असम का औद्योगिक विस्तार-कार्य जारी है। केंद्रीय बजट **2024-25** में घोषित इस सुविधा से यूरिया उत्पादन सालाना **12.7** लाख टन तक बढ़ जाएगा, जो मौजूदा **2** लाख मैट्रिक टन क्षमता से बहुत अधिक है। अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके, यह संयंत्र घरेलू उत्पादन को बढ़ाएगा, आयात पर निर्भरता कम करेगा और देश की कृषि-आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा।

एडवांटेज असम 2.0: एक वैश्विक निवेश केंद्र

- असम सरकार **25-26** फरवरी, **2022** को गुवाहाटी में असम इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इनवेस्टमेंट समिट **2025,** एडवांटेज असम **2.0** की मेजबानी करने के

लिए तैयार है। यह वैश्विक शिखर सम्मेलन उद्योग, सरकार और थिंक टैंकों के प्रमुख हितधारकों को एकजुट करेगा और इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा, एयरोस्पेस, पेट्रोकेमिकल्स और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में निवेश अवसरों का उत्पन्न करेगा।

- वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए असम पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा और अन्य कैबिनेट सदस्यों के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय रोड शो के माध्यम से, असम ने दक्षिण कोरिया, जापान, यूएई, यूके, थाईलैंड और मलेशिया के साथ अच्छा संबंध बनाया। इसके फलस्वरूप, असम में सेमीकंडक्टर, आईटी, विनिर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यटन जैसे क्षेत्र को मजबूती मिली है।

बेहतर भविष्य की ओर असम

- **25** फरवरी, **2025** को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा एडवांटेज असम **2.0** शिखर सम्मेलन का उद्घाटन

किया जाएगा, जहां उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय सत्र, ओद्यौगिक चर्चाएं और क्षेत्र-विशिष्ट ब्रेकआउट सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन में बांस और टिकाऊ कटाई, सुगंध और स्वाद उद्योग, एमएसएमई, किसान उत्पादक संगठन और महिला स्वयं सहायता समूहों में असम की क्षमता पर भी प्रकाश डाला जाएगा।

- प्रगतिशील नीति, रणनीतिक स्थान और निवेश-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के साथ, असम भारत में औद्योगिक परिवर्तन लाने और अपने आप को वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।
- वर्ष **2024-25** असम के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण दो महत्वपूर्ण उपलब्धि हमे मिली है। असम की समृद्ध सांस्कृतिक और भाषाई विरासत को दर्शाते हुए बंगाली के साथ-साथ असमिया भाषा को ध्रुपदी भाषा के रूप में मान्यता मिलना और चराइदेव मैदाम को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के

रूप में नामित करना हमारे लिए बहुत ही गौरव की बात है। इन उपलब्धियों को राज्य की पहचान तथा विरासत में स्थायी योगदान के रूप में याद किया जाएगा।

धुपदी भाषा के रूप में असमिया

- असमिया भाषा का इतिहास प्रागैतिहासिक काल से संबंधित है, जिसका विकास पुरातात्विक खोजों में परिलक्षित होता है। विभिन्न स्रोतो से यह पता चलता हैं कि असमिया भाषा **1,500** साल से भी ज्यादा पुरानी है, जो शास्त्रीय भाषा के रूप में नामित होने के लिए मूलभूत मानदंडों को पूरा करती है।

- अपनी मजबूत ऐतिहासिक और भाषाई प्रमाणन के बावजूद, असमिया को पहले यह प्रतिष्ठित मान्यता नहीं मिली थी। लेकिन, असम सरकार ने अपने दावे को पुष्ट करने के लिए एक व्यापक तकनीकी रिपोर्ट तैयार की है। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के मजबूत नेतृत्व तथा अथक प्रयासों के कारण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **3** अक्टूबर, **2024** को चार अन्य भाषाओं के साथ असमिया भाषा को भी आधिकारिक तौर पर ध्रुपदी भाषा का मान्यता प्रदान किया।

- इस घोषणा के बाद असम में जश्न मनाया गया और हर्षोल्लास के साथ इसे स्वागत किया गया। समुदाय, भाषाई समूह, शैक्षणिक संस्थान और सार्वजनिक संगठन सभी उत्साहित हुए। समारोह के हिस्से के रूप में, भाषा के प्रति उत्साही लोगों द्वारा **1,19,141** प्रभावशाली बैठकें आयोजित की गई और इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त करते हुए माननीय प्रधानमंत्री को **2,62,488** व्यक्तिगत पत्र भेजे गए।

चरादेओ मैदाम: संरक्षित और संजोई जाने वाली विरासत

- मोईदाम- मध्ययुगीन अहोम साम्राज्य (असम में लगभग **13**वीं - **19**वीं शताब्दी ई.) की समाधी स्थल है, जो असम राज्य के विभिन्न भागों में स्थित है। लेकिन, आज उनका सबसे बड़ा हिस्सा चराइदेव में मिलता है। यह अहोम शाही समाधि स्थल चराइदेव (या चे-राय-दोई) शहर के दक्षिण में स्थित है, जो

चाओलुंग सिउ-का-फा द्वारा स्थापित असम का पहला राजधानी शहर था। यह मूल रूप से मोंग माओ (शासनकाल **1228 - 1268** ई.) से संबंधित था, जिन्होंने मध्ययुगीन असम में अहोम साम्राज्य की स्थापना की थी। वास्तुकला की दृष्टि से, मैदाम औल्टेड चैंबर (एक चौ-चाली के साथ, एक छोटा अष्टकोणीय संरचना एक कलश के रूप में) हैं, जो पश्चिम में स्थित एक धनुषाकार प्रवेश द्वार के माध्यम से प्रवेश किया जाता है। मृत राजा को यहा समाधि देने के बाद, कक्ष को मिट्टी के ढेर से ढक दिया गया था।

- हमारे लिए यह गर्व की बात है कि नई दिल्ली में **21** से **31** जुलाई **2024** तक आयोजित यूनेस्को विश्व धरोहर समिति की बैठक के **46**वें सत्र में, **26** जुलाई **2024** को "मोईदाम (अहोम राजवंश की समाधि स्थल), चराइदेव" को भारत की **43**वीं विश्व धरोहर स्थल के रूप में अंकित किया गया। मोईदाम (अहोम राजवंश की समाधि स्थल), चराइदेव को असम की तीसरी विश्व धरोहर स्थल तथा पूर्वोत्तर भारत का पहला सांस्कृतिक विरासत स्थल के रूप में विश्व

धरोहर का मान्यता प्रदान किया गया। जिससे यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में एक नया अध्याय शामिल हुआ। यह विश्व धरोहर स्थल असम के साथ-साथ पूर्वोत्तर भारत में एक नया अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में परिचित हुआ।

असम को 2025 के लिए विश्व के शीर्ष 52 पर्यटन स्थलों में चौथा स्थान मिला

- हमारे लिए यह प्रसन्नता की बात है कि, द न्यूयॉर्क टाइम्स ने असम को वर्ष **2025** में **52** वैश्विक पर्यटन स्थलों में से चौथे स्थान पर रखा है। यह प्रतिष्ठित मान्यता हमारे राज्य के मनोरम प्राकृतिक सौन्दर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जैव विविधता को उजागर करती है, जो असम को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में चिन्हित करती है। इस वैश्विक उपलब्धि के साथ, असम अपनी अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को समृद्ध करने के लिए तैयार है।

झुमोर नृत्य: असम के 200 साल पुराने चाय जनजाति का उत्सव

- असम सरकार ने रिकॉर्ड तोड़ बिहू नृत्य प्रदर्शन से प्रेरित होकर, अब झुमोर नृत्य को बढ़ावा दे रहा है, जिसे **चाह बागनर झुमुर नाच** के नाम से भी जाना जाता है। यह नृत्य असम की चाय विरासत और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। असम के चाय बागान श्रमिकों की परंपराओं में निहित, झुमोर नृत्य लंबे समय से चाय जनजातियों की खुशी, लचीलापन और एकता की जीवंत अभिव्यक्ति रही है। करम पूजा और तुशु पूजा के दौरान किया जाने वाला यह नृत्य सुंदर चाल, लयबद्ध संरचनाओं और भावपूर्ण संगीत का मंत्रमुग्ध करने वाला एक मिश्रण है, जिसके साथ माडोल और बांसुरी जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र भी बजाए जाते है।
- असम के चाय उद्योग के **200** साल पूरा होने के उपलक्ष्य में, **24** फरवरी, **2025** को सीरूसजाई स्टेडियम में ऐतिहासिक झुमोर नृत्य प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें चाय बागानों और आदिवासी

समुदायों के **8,000** नर्तकी भाग लेंगे। इस भव्य प्रदर्शन में माननीय प्रधानमंत्री, विभिन्न देशों के राजदूत और वैश्विक औद्योगिक नेता शामिल होंगे, जिससे वैश्विक मंच पर असम की सांस्कृतिक क्षेत्र को और बढ़ावा मिलेगा।

- आज असम का चाय उद्योग अपनी तीसरी शताब्दी में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में झुमोर आज भी मजबूती के साथ खड़ा है, जो चाय जनजाति क्षेत्र, वहां के लोगों और उनकी चिरस्थायी परंपराओं का प्रतीक है।

असम में हुए इन महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करने के बाद, अब मैं अपनी सरकार की कुछ उपलब्धियों पर प्रकाश डालना चाहता हूँ:

ओरुनोदोई: महिला सशक्तिकरण और वित्तीय सुरक्षा

- हमारी सरकार आज राज्य में **24** लाख से अधिक पात्र महिलाओं को **1250** रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। हमने पहले ही ओरुनोदोई **3.0** लॉन्च किया है, जिसके तहत आने वाले वर्षों में लाभार्थियों की संख्या **37** लाख तक बढेगी।

- आप सभी जानते हैं कि इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करना है, ताकि उन्हें पोषण और चिकित्सा सहायता मिल सके तथा वे आवश्यक दालें, चीनी, फल, सब्जियां तथा दवाइयां खरीद सकें।
- इस कार्यक्रम की लोकप्रियता देश के कई अन्य राज्यों के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में उभरा है।

उद्योग, कौशल विकास और हथकरघा

- आपको यह जानकर खुशी होगी कि हमारी सरकार ने हाल ही में एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है, जिसके तहत "इनोवेशन, इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप्स" विभाग का गठन किया गया है - यह देश में अपनी तरीके का पहला विभाग है। यह समर्पित विभाग असम में एक गतिशील उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह हमारे युवाओं की आकांक्षाओं को पहचानता है, जो नवाचार करने, इन्क्यूबेट करने

और उद्यमिता यात्रा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रेरित करने के माध्यम से, यह पहल असम को आर्थिक वृद्धि और विकास के एक नए युग में प्रवेश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

- असम में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और हमे इसमे महत्वपूर्ण प्रगति मिली है। असम के लोगों ने राज्य के औद्योगिकीकरण के लिए सरकार के दृष्टिकोण के प्रति अटूट समर्थन दिखाया है।
- जैसा कि मैंने पहले ही बताया कि, जगीरोड पर **27,000** करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने तथा सहायक विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की अवसर उत्पन्न हुआ है। यह हमारे राज्य के आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती प्रदान करेगी। हमने एक एंकर उद्योग के रूप में **TATA OSAT** प्लांट के साथ एक सेमीकंडक्टर विक्रेता लॉजिस्टिक पार्क और

इलेक्ट्रॉनिक सिटी विकसित करने की भी रणनीति तैयार की है।

- इसके अलावा, औद्योगिक विकास को और बढ़ावा देने के लिए राज्य ने **21** मेगा औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया, जबकि कैबिनेट ने **7** अतिरिक्त इकाइयों के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं से **14,808** करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा और **21,000** से अधिक नौकरियां उत्पन्न होंगे।
- गुवाहाटी के बेतकुची में **298** करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मॉल में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) और जीआई-टैग वाले उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को समर्थन मिलने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा।
- वर्ष **2023** में शुरू किया गया मुख्यमंत्री आत्मनिर्भर असम अभियान (**CMAAA)** ने **1,00,000** से लेकर **2,50,000** तक के अनुदान के माध्यम से **25,000**

से अधिक युवाओं को सहातया प्रदान की, जिससे स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिला। हमारे निष्ठावान सीएम फेलो, उद्यमशीलता के विचारों को आगे बढ़ाने और हितधारक सहयोग को मजबूत करने के लिए जिलों में काम कर रहा है।

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख से अधिक पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को कौशल विकास और वित्तीय सहायता के लिए नामांकित किया गया। लगभग **61000** लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया, और उद्यमशीलता विकास को बढ़ावा देने के लिए **7000** से अधिक ऋण वितरित किया गया।
- नवाचार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। असम इंजीनियरिंग कॉलेज और जोरहाट इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए **5** करोड़ रुपये आवंटित किया गया, जो अगली पीढ़ी के उद्यमियों और नवप्रवर्तकों के लिए लाभदायक होगा।

- असम की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एमएसएमई (**MSME**) उद्यम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उद्यम पोर्टल के तहत **6.6** लाख से अधिक पंजीकरण हुआ है। इसके अलावा, **RAMP** कार्यक्रम ने **25000** से अधिक नए एमएसएमई मालिकों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षित किया है।
- असम में निर्यात क्षेत्र भी में बेहतरीन प्रगति देखी गई है। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद निर्यात में **3,600** करोड़ रुपये की उपलब्धि हासिल हुई है। चाय, रेशम, कार्बी आंगलोंग अदरक और असम के नींबू जैसे जीआई-टैग वाला उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रहा है। पर्यावरण के अनुकूल उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, बांस मिशन ने **10** जिलों में जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है, जिसमें **400** बीघा में नए बागान लगाए गए हैं और **200** टूलकिट वितरित किए गए हैं।
- राजस्व संग्रह का एक मुख्य स्रोत खनन क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है। इस वर्ष **3,815** करोड़ रुपये से अधिक

का संग्रह हुआ है। ग्रेनाइट की नीलामी ने लगभग **362** करोड़ रुपये का योगदान दिया, जबकि चूना पत्थर और कोयले की खोज से सालाना **1,000** करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त, खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए जिला खनिज निधि से **100** करोड़ रुपये से अधिक का उपयोग किया गया है।

- व्यावसाय करने में आसानी को बेहतर बनाने के हमारे प्रयासों ने असम को भारत सरकार के **DPIIT** द्वारा व्यापार सुधार कार्य योजना में शीर्ष प्राप्तकर्ताओं में शामिल किया है, जिसमें **99%** की उल्लेखनीय आवेदन प्रसंस्करण दर है। यह व्यवसायों को समर्थन देने के लिए हमारी दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- सरकार मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता अभियान जैसी पहलों के माध्यम से कौशल विकास और उद्यमिता को बढ़ावा दे रहा है, जिससे **39** लाख महिलाओं को ग्रामीण उद्यमी के रूप में सशक्त बनाया जा रहा है।

- टाटा टेक्नोलॉजीज और एलएंडटी के साथ साझेदारी के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया गया है, जिसमें **44** सरकारी आईटीआई और **80** निजी आईटीआई में **30,000** सीटें उपलब्ध हैं। सौर ऊर्जा और व्यावसायिक प्रशिक्षण में ध्यान केन्द्रित किया गया है, जिससे कौशल और रोजगार क्षमता को और बढ़ावा मिला है।
- यह उपलब्धियाँ निवेश, नवाचार और सतत विकास के केंद्र के रूप में असम की स्थिति की पुष्टि करती हैं। हम अपने राज्य के लोगों के लिए एक लचीला और समृद्ध औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए समर्पित है।

कृषि, **सहकारिता एवं संबद्ध क्षेत्र:**

- मुझे कृषि क्षेत्र में हमारे राज्य द्वारा की गई महत्वपूर्ण प्रगति के बारे में बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएमकिसान) के तहत, वर्ष **2024** में लगभग **1,374** करोड़ रुपये वितरित किया गया, जिससे **18**

लाख से अधिक किसान लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में किसान आवेदनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। रबी-**2023-24** के दौरान लगभग **4** लाख आवेदन और खरीफ **2024** के दौरान **7.8** लाख आवेदन प्राप्त हुआ। **YES-TECH** पहल और **WINDS** प्रणाली फसल उपज अनुमानों और मौसम संबंधी आंकड़ों की सटीकता को और बढ़ाएगी।

- फसल विविधीकरण और क्षेत्र विस्तार में हमारे प्रयास फलदायी रहा है। इस क्षेत्र में, रबी **2024-25** के दौरान सरसों की खेती लगभग **2.16** लाख हेक्टेयर और दलहन की खेती लगभग **70,000** हेक्टेयर में की गई। हमारा लक्ष्य खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, जिसका लक्ष्य **2025-26** तक लगभग **2** लाख मीट्रिक टन है।
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड पहल ने **2024** में लगभग **6** लाख कार्ड बनाने वाले किसानों की मिट्टी की गुणवत्ता की जांच करने में मदद की है। हमने **26** अत्याधुनिक मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के निर्माण

तथा नवीनीकरण में **30** करोड़ रुपये का निवेश किया है। कृषि मशीनीकरण पर हमारे फोकस ने **887** ट्रैक्टर, **7,400** से अधिक पावर-टिलर और विभिन्न अन्य मशीनरी प्रदान की है, जिससे कृषि बिजली की उपलब्धता लगभग **0.82** किलोवाट/हेक्टेयर तक बढ़ गई है।

- सरकार किसानों की सहायता करने और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए मिट्टी, पानी और वनस्पति के संरक्षण और सतत प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। प्राथमिकता विकास कार्यक्रमों के तहत **1,350** करोड़ रुपये के निवेश से वर्ष **2024-25** में लगभग **6,100** हेक्टेयर वर्षा आधारित कृषि भूमि विकसित की गई है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और आजीविका गतिविधियों में महत्वपूर्ण प्रगति के साथ मिट्टी और नमी संरक्षण को संबोधित करती है, जिससे वर्ष **2023-24** में लगभग **10,000** हेक्टेयर सहित **8.8** लाख हेक्टेयर से अधिक सिंचाई क्षमता उत्पन्न हुआ है। अतिरिक्त **7,600** हेक्टेयर को लक्षित करते हुए नौ सतही लघु सिंचाई योजनाएँ कार्यान्वित की जा रही है। बुरोई

और पुथिमारी जैसी सिंचाई परियोजना तथा बराक घाटी में अन्य चार परियोजनाओं का लक्ष्य है लगभग 75,000 हेक्टेयर क्षमता उत्पन्न करना। टिकाऊ प्रथाओं में सहायता के लिए सौर ऊर्जा चालित मोबाइल लिफ्ट सिंचाई योजनाएं और कार्ट-माउंटेड सौर पंप जैसे नवोन्मेषी समाधान प्रक्रिया प्रस्तुत किया गया हैं। इससे सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि को लाभ हुआ है। जल निकायों की मरम्मत के लिए 85 प्रस्ताव स्वीकृति के अधीन हैं, जिनका लक्ष्य 7,500 हेक्टेयर है।

- राज्य कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (एसएएमईटीआई) द्वारा शैक्षिक पहलों ने हजारों किसानों और विस्तार कर्मियों को लाभान्वित किया है। धान के किसानों के लिए, सरकार ने इस सीजन में **5.85** लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा है, जिसे चावल मिलों, गोदामों और फोर्टिफाइड राइस कर्नेल मशीनों द्वारा समर्थित किया गया। सरसों और धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (**MSP)** ने किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित किया है।

- हमारी सरकार स्थायी कृषि-पारिस्थितिकी संतुलन के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है, जिसके तहत लगभग **10,000** हेक्टेयर भूमि को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाया गया। बुनियादी ढांचे के विकास के अंतर्गत **73** ग्रामीण कृषि बाजारों, कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं तथा दरंगगिरी में केले के बाजार का विकास आदि शामिल है। हमारे कृषि निर्यात नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है हैं। तेजपुर लीची, डोलिचोस बीन, जैविक काला चावल, असम नींबू और विभिन्न अन्य जैविक उत्पादों जैसे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात किया जा रहा है।
- असम में मत्स्य पालन क्षेत्र **2.5** मिलियन से अधिक मछुआरों को आजीविका प्रदान करता है। **2019-20** से मछली उत्पादन में **27%** की वृद्धि हुई है, जो **2023-24** में **4.74** लाख मीट्रिक टन तक पहुँचा है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (**PMMSY), APART** और **NABARD** सहायता प्राप्त **RIDF** जैसी सरकारी योजनाएँ उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय को दोगुना करने पर ध्यान केंद्रित करती है। इन योजनाओं के तहत, सालाना **21,000**

मछुआरों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का लक्ष्य **1,500** मिलियन फ्राई और **5,000** मीट्रिक टन टेबल फिश का उत्पादन बढ़ाना है। रीसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (**RAS)** और बायो-फ्लोक इकाइयों जैसी नवीन प्रणालियों ने उत्पादन को बढ़ाया है।

- घरेलु जानवरों की देखभाल के लिए गुवाहाटी, डिब्रूगढ़ और गोलाघाट में तीन अस्पतालों का निर्माणा किया जा रहा है, जिसका वित्तीय वर्ष **2025-26** तक पूरा करने की लक्ष्य रखा गया है। गोलाघाट, तिनसुकिया, चांगसारी और लखीमपुर में चार मल्टी केयर पशु चिकित्सा अस्पताल निर्माणाधीन है और वित्तीय वर्ष **2025-26** तक पूरा होने की उम्मीद है। शिवसागर में **5**वें मल्टी केयर पशु चिकित्सा अस्पताल का काम जल्द ही शुरू किया जाएगा।
- डेयरी किसानों की लाभप्रदता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए हमारी सरकार डेयरी किसानों को प्रति लीटर दूध पर **5** रुपये का अंतर समर्थन प्रदान करने

जा रही है, जो पात्र पंजीकृत डेयरी सहकारी समितियों को दूध उपलब्ध करा रही है।

- वित्तीय वर्ष **2022-23** में, हमारी सरकार ने लिंग-विभेदित वीर्य (**sex-sorted semen**) की **1.16** लाख खुराकें खरीदीं, जिनसे लगभग **50,000** मादा बछड़े पैदा होने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष **2023-24** में लिंग-विभेदित वीर्य (**sex-sorted semen**) की **1.00** लाख खुराकों का उपयोग किया गया।

- दूध उत्पादन और संगठित दूध विपणन को पुनर्जीवित करने हेतु तथा एक संयुक्त उद्यम कंपनी, नॉर्थ ईस्ट डेयरी एंड फूड्स लिमिटेड (एनईडीएफएल) को शामिल करने के लिए हमारी सरकार ने एनडीडीबी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस योजना के तहत प्रतिदिन **10** लाख लीटर दूध को संसाधित और विपणन करने की परिकल्पना की गई है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए, आरआईडीएफ से **50** करोड़ रुपये की राशि प्राप्त कर जोरहाट और डिब्रूगढ़ में **1.0** लाख लीटर प्रतिदिन

क्षमता के दो दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

- दूध को स्रोत पर ही प्राप्त करने के लिए, धेमाजी में **5000** लीटर प्रतिदिन प्रसंस्करण क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र को **WAMUL (**पश्चिम असम दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड) के सहयोग से चालू किया जाएगा। इसी प्रकार, खानपारा में **5000** लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र शुरू की जाएगी। इस पहल से लगभग **2000** किसानों को कवर करते हुए असंगठित क्षेत्र से संगठित क्षेत्र तक लगभग **10000** लीटर दूध उत्पादन की उम्मीद है।

खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक सेवा वितरण

- असम सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (**NFSA), 2013** को लागू किया, जिससे **67** लाख परिवारों के **2.29** करोड़ लोग लाभान्वित हुए। इसमें **6.7** लाख अंत्योदय अन्न योजना (**AAY)** और **60** लाख प्राथमिकता वाले परिवार (**PHH)** शामिल है। **AAY** परिवारों को हर महीने **35** किलो चावल मिलता है, और **PHH** परिवारों को प्रति सदस्य **5** किलो

चावल मिलता है, जो मुफ़्त हैं। दिसंबर **2024** में, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (**PMGKAY)** के तहत **1.27** लाख मीट्रिक टन चावल वितरित किया गया। वृद्धा श्रम, अनाथालयों और **eSHRAM** पंजीकरणकर्ताओं सहित कमजोर समूहों को राशन कार्ड जारी किया गया है। **20** लाख नए लाभार्थियों को अब मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा, **LPG** कनेक्शन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

- अन्न सेवा दिवस जैसी पहल हर महीने की 1 से **10** तारीख तक मासिक चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए मनाई जाती है, जबकि वन नेशन वन राशन कार्ड (**ONORC)** योजना देश भर में लागु होती है। आधार सीडिंग और ई-केवाईसी के माध्यम से पारदर्शिता में सुधार हुआ है। **5,600** से अधिक "आमार दुकान" आउटलेट सस्ती आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करती हैं, और **50.97** लाख एलपीजी कनेक्शन प्रदान किया गया है। ये उपाय खाद्य सुरक्षा, पारदर्शिता और किसान समर्थन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- मार्च **2024** में स्थापित असम राज्य लोक सेवा अधिकार आयोग, सार्वजनिक सेवा वितरण तंत्र को मजबूत करता है। राज्य ने **CPGRAMS** के माध्यम से शिकायत निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसने राष्ट्रीय औसत को पार करते हुए **60%** गुणवत्तापूर्ण निपटान हासिल किया है। कृतज्ञता पहल निर्बाध पेंशन प्रसंस्करण सुनिश्चित करती है, और जीवन प्रमाण पहल पेंशनभोगियों के लिए बायोमेट्रिक डिजिटल जीवन प्रमाणीकरण प्रदान करती है, जिससे आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुँच आसान हो जाती है।
- प्रशासनिक दक्षता और नागरिक-केंद्रित शासन को बढ़ाने के लिए, सरकार ने **4** अक्टूबर, **2024** को **39** सह-जिलों का संचालन किया और उनकी सीमाओं को विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के साथ समायोजित किया।
- विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए राज्य के

सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार- असम बैभव, असम सौरभ और असम गौरव प्रदान की जाती है। पिछले वर्ष असम बैभव पुरस्कार श्री रंजन गोगोई को दिया गया था और अपने क्षेत्र में क्रमशः **4** और **17** व्यक्तियों को असम सौरभ और असम गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

ग्रामीण विकास, **पेयजल एवं स्वच्छता**

- हमारी सरकार ग्रामीण असम के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका ध्यान बुनियादी ढांचे में सुधार, कृषि विकास और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत, असम में **19.5** लाख से अधिक पक्के घर पूरे हो चुके है, साथ ही पीएमएवाई-जी **2.0** के तहत लगभग **1.7** लाख घरों का अतिरिक्त लक्ष्य रखा गया है। **2024** में **5.5** लाख से अधिक लाभार्थियों के लिए गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया, जो "सभी के लिए आवास" प्राप्त करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- **2018-19** में शुरू की गई असम आदर्शों ग्राम योजना ग्रामीण असम में आत्मनिर्भर विकास को बढ़ावा देती है, जिसके लिए वित्तीय वर्ष **2024-25** के लिए **3,000** लाख रुपये आवंटित किया गया। असम दर्शन योजना के तहत, धार्मिक स्थलों पर बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए वित्तीय वर्ष **2024-25** के लिए **10,000** लाख रुपये निर्धारित किया गया, जिसमें **694** नामघरों के लिए **2,119** लाख रुपये मंजूर की गई। इसके अतिरिक्त, विधायक क्षेत्र विकास योजना स्थानीय विकास को सशक्त बनाती है। इसके तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के लिए **1** करोड़ रुपये आवंटित किया गया हैं, जो वित्तीय वर्ष **2024-25** के लिए **126** करोड़ रुपये है।
- जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करना है, जिससे प्रति व्यक्ति प्रति दिन **55** लीटर सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित हो सके। इसमे, असम ने उल्लेखनीय प्रगति की है। मिशन के तहत, वर्ष **2019** में कवरेज **1.6%** से बढ़कर **81%** से अधिक

हुई है, जिससे लगभग **58** लाख परिवार लाभान्वित हुए। **15,000** से अधिक पाइप जलापूर्ति योजनाएँ पूरा हो चुका हैं, जिनका परिचालन प्रबंधन स्थानीय निकायों को दिया गया। जल दूत पहल ने **40,000** से अधिक छात्रों को जल राजदूत के रूप में प्रशिक्षित किया गया, जिससे सामुदायिक स्वामित्व और जिम्मेदारी को बढ़ावा मिला है। जल प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय जल संघ पुरस्कार **2024** में असम के प्रयासों को कांस्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

शहरी विकास

- शहरी विकास में सरकार ने उल्लेखनीय प्रगति की है। नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्थिरता, किफायती आवास और बेहतर बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किया है। भवन निर्माण उपनियमों में संशोधन जैसी पहलों का उद्देश्य ऊर्ध्वाधर विस्तार को प्रोत्साहित करके, फ्लैटेड उद्योगों को शुरू करके और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी ऊर्जा-कुशल प्रथाओं को एकीकृत

करके औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। नागरिकों के लिए सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री सहज गृह निर्माण असोनी के तहत **9,000** से अधिक भवन निर्माण की अनुमति दी गई है।

- ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत गुवाहाटी के पानबाजार में पुराने सीपी बंगले को **69.85** करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया गया है। **20** जनवरी, **2024** को माननीय केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। यह अब स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए एक आकर्षण का केन्द्र है। शहरी विकास के बीच हरियाली प्रदान करने के लिए, जीएमडीए ने गुवाहाटी के बोरबारी पहाड़ी पर शहरी वन के निर्माण के लिए एक पायलट परियोजना शुरू की। इसके अलावा, विभिन्न पार्कों का विकास प्रगति पर है, जैसे कि भारलुमुख में तरुण राम फूकन पार्क, सिलपुखुरी पार्क, गीता मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण और चांदमारी के निजारापार में डॉ. भूपेन हजारिका स्मारक पार्क

आदि। गुवाहाटी में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं ने गांधी मंडप और जज फील्ड जैसी जगहों का कायाकल्प किया है, साथ ही सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में भी सुधार किया गया है।

- शहर में बाढ़ को कम करने के लिए, **166** करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली बाहिनी बेसिन परियोजना के प्रस्ताव के साथ एक जीआईएस-आधारित व्यापक **Stormwater Drainage Master** याजना बनाई गई है। साथ ही, राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) के तहत शहर के लिए **200** करोड़ रुपये का एक और प्रस्ताव भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया है।
- कचरा प्रबंधन के प्रयासों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, विरासत अपशिष्ट उपचार, तथा गुवाहाटी में चालू खाद और मल-कीचड़ उपचार संयंत्र शामिल है। स्मार्ट लाइटिंग परियोजनाओं ने शहर की सुरक्षा को बढ़ाया है, **20,000** से अधिक लाइटें लगाई गई हैं तथा और भी लगाई जा रही है। हजारों घरों के लिए

पानी के कनेक्शन पर सब्सिडी दी गई है, जिससे संसाधनों तक समान पहुँच को बढ़ावा मिला है।

- अमृत मिशन के तहत, नगांव, सिलचर और डिब्रूगढ़ में प्रमुख पेयजल परियोजनाओं को आंशिक रूप से चालू किया गया है, जिससे हजारों घरों को पीने योग्य पानी उपलब्ध कराया जा सके। **JICA** द्वारा सहायता प्राप्त गुवाहाटी जल आपूर्ति परियोजना लगभग **93%** पूरा हो चुका है और **2025** तक एक लाख से अधिक घरों को इससे लाभ मिलेगा।
- आवास पहल ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। **PMAY(U)** के तहत **1.14** लाख से अधिक घर पूरा हो चुका है। हजारों लोगों को शहरी आवास की जरूरतों के लिए वित्तीय सहायता मिल रही है। स्ट्रीट वेंडर्स को **PM SVANidhi** के माध्यम से **250** करोड़ रुपये से अधिक का ऋण मिला है, जिससे छोटे व्यवसाय समुह लाभान्वित हुए है।

स्वास्थ्य क्षेत्र

- मुझे अपनी सरकार द्वारा किए गए उल्लेखनीय प्रयास को आपके साथ साझा करते हुए खुशी हो रही

है। स्वास्थ्य क्षेत्र मेंउत्तर लखीमपुर, धुबरी, नंगाव, नलबाड़ी और कोकराझाड़ में मेडिकल कॉलेजों को चालू कर दिया गया है। तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन पहले ही किया जा चुका है। गुवाहाटी में चिकित्सा के आधारिक संरचना को बढ़ावा देने के लिए, कालापहाड़ में प्रागज्योतिषपुर मेडिकल कॉलेज और जीएमसीएच परिसर में 800 बिस्तरों वाला सामान्य अस्पताल प्रगति पर है। धेमाजी, तामुलपुर, गोलाघाट, बोंगाईगांव, विश्वनाथ, चराईदेव और मोरीगांव में नए मेडिकल कॉलेज आवंटित किए गए हैं और काम जोरों पर चल रहा है, जिसे दिसंबर 2025 के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है । शिवसागर और करीमगंज में मेडिकल कॉलेज आवंटित किए गए हैं और काम अभी शुरू हुआ है। गोवालपारा और दरंग में 2 नए मेडिकल कॉलेज भी शुरू किए गए हैं।

- मौजूदा 6 मेडिकल कॉलेजों में सुपर-स्पेशियलिटी विंग की स्थापना के लिए JICA वित्त पोषण के तहत परियोजनाओं को मजबूत करने का काम शुरू किया गया है। गुवाहाटी के लिए एक प्रोटॉन थेरेपी केंद्र

प्रस्तावित किया गया है, जो अपोलो और टाटा चिकित्सा केंद्रों के बाद भारत में इस तरह की तीसरी सुविधा होगी। यह केन्द्र राज्य के लिए कैंसर देखभाल में एक और मील का पत्थर होगा। दिफू में कैंसर अस्पताल मार्च 2025 तक चालू होने वाला है, जिससे राज्य के कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को और मजबूती मिलेगी।

- राज्य में नर्सिंग शिक्षा में सुधार के लिए, राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत राज्य के विभिन्न स्थानों पर 6 नए आयुष अस्पताल और 2 आयुर्वेदिक कॉलेजों के निर्माण की योजना है। इसके अलावा, राज्य के विभिन्न स्थानों पर मौजूदा नर्सिंग कॉलेज को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में अपग्रेड करना एवं 7 नए नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण की योजनाएं शुरू की गई हैं। विभिन्न जिलों में 5 आयुष अस्पताल और दुधनोई में 1 आयुर्वेदिक कॉलेज पहले ही शुरू किए जा चुके है। संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए 26 संसाधनों का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025-26 तक एनएचएम (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत आपातकालीन, सर्जिकल और गहन

देखभाल के साथ 50 या 100 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक का भी प्रस्ताव किया गया है और ऐसे पांच 50 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक का काम शुरू किया गया है।

- असम ने एबी-पीएमजेएवाई और एए-एमएमजेएवाई योजनाओं के तहत कैशलेस उपचार प्राप्त करने वाले 12 लाख से अधिक लाभार्थियों के साथ स्वास्थ्य बीमा में उल्लेखनीय प्रगति की है। 37 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए हैं और 1,321 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा किया गया है। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को भी आयुष्मान असम-मुख्यमंत्री लोक सेवक आरोग्य योजना का लाभ मिलता है।
- असम कैंसर केयर फाउंडेशन ने टाटा ट्रस्ट के साथ साझेदारी में सात कैंसर देखभाल अस्पतालों का संचालन किया है, जिनमें से दो का हाल ही में उद्घाटन किया गया है और कई निर्माणाधीन हैं। व्यापक कैंसर जांच कार्यक्रम पाँच लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुँच चुके हैं और रोगियों की

सहायता के लिए समुदाय आधारित उपशामक देखभाल शुरू की गई है।

- ये परिवर्तनकारी प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को आगे बढ़ाने, समान पहुंच सुनिश्चित करने और सभी के लिए एक स्वस्थ असम के निर्माण के लिए मेरी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

शिक्षा क्षेत्र

